एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



# बॉलीवुड में बहुत से मुखर लोग : रिया कपूर

फिल्मकार रिया कपूर का कहना है कि बॉलीवुड में मी टू अभियान महिलाओं को अपनी आवाज तलाशने के लिए सही दिशा में एक बड़ा कदम था और अब फिल्म जगत में बहुत से मुखर लोग हैं। रिया ने बताया, यहां (फिल्म जगत में) बहुत से मुखर लोग हैं..लोग अपनी आवाज को तलाशना सीख रहे हैं। हम यह जानने के लिए उठ खड़े हुए हैं कि जो भी हम सोचते और कहते हैं उसका मूल्य है..इसलिए मुझे लगता है कि यहां बहुत से लोग हैं जो अपनी आवाज को तलाश चुके हैं और बोलने में पर्याप्त रूप से सशक्त हैं। उन्होंने कहा, मी टू अभियान महिलाओं को अपनी आवाज तलाशने के लिए सही दिशा में एक बड़ा कदम था और पुरुषों के लिए उनकी आवाज को समझना उनका समर्थन करेगा।

32 वर्षीय निर्माता ने कहा कि मुखर होने के लिए जिम्मेदार होना भी बहुत जरूरी है। रिया अनिल कपूर की बेटी और अभिनेत्री सोनम के. आहूजा व हर्षवर्धन कपूर की बहन हैं। उन्होंने 2०1० में आयशा के साथ बतौर फिल्म निर्माता के रूप में अपना सफर शुरू किया था और बाद में उन्होंने खूबसूरत और वीरे दी वेडिंग जैसी फिल्मों का निर्माण किया।

# नजर में अपने बाथटब सीन पर ये बोलीं ऐक्ट्रेस रितु चौधरी सेठ

टीवी ऐक्ट्रेस रितु चौधरी सेठ ने हाल ही में सुपरनैचरल थ्रिलर शो 'नजर के लिए बाथटब सीन शूट किया है। इसे सीन को शूट करते वक्त का एक्सपीरियंस को रितु ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट के जरिए शेयर किया है। रितु इन दिनों 'नजर' के लीड ऐक्टर हर्ष राजपूत की ऑन-स्क्रीन मां वेदश्री राठौर का रोल निभा रही हैं। उन्होंने विडियो शेयर करते हुए लिखा है कि कि उन्होंने इस तरह का सीन करने के बारे में कभी सोचा भी नहीं था। दरअसल रितु शो में बुरी शक्तियों के कंट्रोल में आ गई हैं। ऐसे में वह अपने कैरक्टर से एकदम अलग बिहेव कर रही हैं। परिवार में चल रहीं परेशानियों को अनदेखा करते हुए रितु अपने ही आप में ही खोई रहती हैं। इसी सिलसिले में वह बाथटब में नहाती दिखाई दे रही हैं, जब शो में उनके पति शेखर यानी अमित कौशिक उनको ढूंढ रहे होते हैं। वेदश्री को बाथटब में देखकर शेखर हैरान रह जाता है। रितु चौधरी सेठ ने एकता कपूर के फेमस सीरियल क्योंकि सास भी कभी बहू थी में तुलसी की बेटी शोभा का रोल निभाया था। लेकिन ऐक्टर गौतम सेठ से शादी करने के बाद रितु ने ऐक्टिंग से ब्रेक ले लिया और पूरा समय अपने परिवार को देने लगीं। अभी उनकी एक सात साल की बेटी है। इसके बाद उन्होंने आठ साल बाद बड़े भइया की दुल्हनिया' सीरियल से छोटे पर्दे पर वापसी की।



# अपने कथित बॉयफ्रेंड से शादी करने जा रही हैं श्रद्धा कपूर

लगता है कि पिछले साल की तरह इस साल भी हम बॉलिवुड की कई सिलेब्रिटीज की शादियों के गवाह बनने जा रहे हैं। ऐसा माना जा रहा है कि इस साल फरहान अख्तर-शिबानी दांडेकर, रणबीर कपूर-आलिया भट्ट और अर्जुन कपूर-मलाइका अरोड़ा इस साल शादी के बंधन में बंध सकते हैं। हालांकि अभी तक इस बारे में इन जोड़ियों की तरफ से कोई ऑफिशल कन्फर्मेशन नहीं आया है। अब मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो इस लिस्ट में एक और बॉलिवुड सिलेब्रिटी का नाम जुड़ चुका है। वह कोई और नहीं बल्कि ऐक्ट्रेस श्रद्धा कपूर हैं। कहा जा रहा है कि श्रद्धा अपने कथित बॉयफ्रेंड और सिलेब्रिटी फटॉग्रफर रोहन श्रेष्ठा से अगले साल शादी कर सकती हैं। ये दोनों एक-दूसरे को काफी लंबे अर्से से जानते हैं और दोनों ने साल 2०18 में एक-दूसरे को डेट करना शुरू किया था।



बताया जा रहा है कि श्रद्धा कपूर के पैरेंट्स भी इस रिश्ते से काफी खुश हैं और श्रद्धा ने इस बारे में रोहन से बात भी की है। इस बीच बता दें कि श्रद्धा इस समय सुशांत सिंह राजपूत के साथ फिल्म छिछोरे की शूटिंग कर रही हैं। इसके अलावा प्रभास के साथ उनकी फिल्म साहो भी रिलीज के लिए तैयार है। श्रद्धा वरुण धवन के साथ रेमो डिसूजा के साथ फिल्म स्ट्रीट डांसर में भी काम कर रही हैं।

# रानी मुखर्जी ने मर्दानी 2 की शूटिंग शुरू की

बड़े पर्दे पर आखिरी बार 2०18 में फिल्म हिचकी में दिखाई दीं अभिनेत्री रानी मुखर्जी फिर से शूटिंग में व्यस्त हो गई हैं। उन्होंने 2०14 की अपनी हिट फिल्म मर्दानी के सीक्वल की शूटिंग शुरू कर दी है। यशराज फिल्म्स ने बुधवार को कहा कि रानी मर्दानी 2 के सेट पर लौट आई हैं। यश राज फिल्म्स के आधिकारिक ट्विटर पेज पर एक पोस्ट में कहा गया, रानी मुखर्जी ने मर्दानी 2 के लिए शूटिंग शुरू कर दी है।

पोस्ट ने फिल्म में रानी के लुक की एक झलक भी दी है। वह एक गंभीर पुलिस अधिकारी के लुक में दिखाई दे रही हैं। तस्वीर में उन्होंने सफेद कमीज के साथ काली जींस पहनी है। मर्दानी के पहले भाग को प्रदीप सरकार ने निर्देशित किया था। मर्दानी 2 का निर्देशन डेब्यू करने जा रहे निर्देशक गोपी पुथरण द्वारा किया जाएगा। फिल्म के इस साल के अंत में रिलीज होने की संभावना है।

# अब नहीं आएगी अजय देवगन की बैटल ऑफ सारागढ़ी

अक्षय कुमार की सारागढ़ी की लड़ाई पर आधारित फिल्म केसरी जल्द ही रिलीज होने वाली है। हालांकि सबसे पहले अजय देवगन ने इस लड़ाई पर आधारित फिल्म अनाउंस की थी। यहां तक कि उन्होंने इसका नाम भी अनाउंस कर दिया था। इसके बाद अक्षय कुमार और फिर रणदीप हुड्डा ने भी इसी लड़ाई को लेकर एक फिल्म अनाउंस की।

एक ओर जहां अक्षय की फिल्म रिलीज के लिए तैयार है, तो वहीं अजय की फिल्म को लेकर कोई खबर नहीं थी। अजय ने इस बारे में बताया कि अब वह इस फिल्म को नहीं बना रहे हैं। अजय ने जवाब दिया, दो फिल्में बन रही थीं तो मैंने डिसाइड किया कि अब मैं यह फिल्म नहीं बनाऊंगा। अब मेरे दोस्त अक्षय ने यह फिल्म बना ली है और जल्दी ही उसकी रिलीज भी है। तो अब उस फिल्म पर मैं काम नहीं कर रहा हूं। अजय इन दिनों एक और वॉरियर फिल्म तानाजी में काम कर रहे हैं।



# मुझे फिल्मों में काम मांगने पर शर्म नहीं आती है: सिकंदर खेर

ऐक्टर सिकंदर खेर इस समय अपनी आने वाली फिल्म रोमियो अकबर वॉल्टर की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। उनका कहना है कि उन्हें फिल्मों में काम मांगने में किसी तरह की कोई शर्म नहीं आती। सिकंदर ने बताया कि इस फिल्म के लिए भी उन्होंने प्रड्यूसर के पास जाकर रोल मांगा था।

किरण और अनुपम खेर के बेटे सिकंदर ने बताया, यह फिल्म मेरे पास नहीं आई थी बल्कि मैं इसके पास गया था। मैं और फिल्म के प्रड्यूसर बंटी बालिया फ्लाइट में एक साथ सफर कर रहे थे।

तब मैंने उनसे काम मांगा क्योंकि मेरे पास कोई काम नहीं था। तब उन्होंने मुझसे डायरेक्टर रॉबी ग्रेवाल से मिलने को कहा था। सिकंदर ने कहा कि रॉबी को मेरा पुराना काम पसंद था और इसलिए मुझे इस फिल्म में रोल मिल गया।

सिकंदर ने कहा, मैंने अपनी फिल्मों के लिए बहुत ऑडिशंस दिए हैं और मुझे काम मांगने में कोई शर्म नहीं आती। मैं लगातार लोगों से काम मांगता रहता हूं, लोगों को कॉल करता हूं, मेसेज करता हूं और उनको फॉलो भी करता हूं। मैं उनसे केवल 1० मिनट का वक्त मांगता हूं और 9वें मिनट में वहां से चला जाता हूं जब तक कि कोई मुझे वहां रोके नहीं। मैं अपने लैपटॉप के साथ मीटिंग में जाता हूं और उन्हें अपनी 3 मिनट की कहानी सुनाता हूं।

बता दें कि जॉन अब्राहम के लीड रोल वाली फिल्म रोमियो अकबर वॉल्टर में सिकंदर एक यंग आईएसआई अधिकारी कर्नल खुदाबख्श खान का रोल निभा रहे हैं। फिल्म में जैकी श्रॉफ भी अहम किरदार में हैं। सिकंदर इससे पहले जैकी के साथ फिल्म औरंगजेब में भी काम कर चुके हैं। हालांकि इस फिल्म में सिकंदर का जैकी के साथ एक भी सीन नहीं है। इस फिल्म के अलावा सिकंदर सोनम कपूर के लीड रोल वाली फिल्म जोया फैक्टर में भी काम कर रहे हैं जिसमें उन्होंने सोनम के भाई का रोल निभाया है।